संख्या- 765 /अरसठ-4-2021-9(16)/2020

प्रेषक,

आर0 वी0 सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी,
उ0प्र0 प्रयागराज।

बेसिक शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ: दिनांक: 24 सितम्बर, 2021

विषय:-उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 के आयोजन हेतु परीक्षा कार्यक्रम/समय-सारिणी।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-गोप0/टी0ई0टी0 20-21/2854-56/2021-22 दिनांक 16 सितम्बर, 2021, जिसके द्वारा आगामी उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2020-21 की परीक्षा तिथि दिनांक 28 नवम्बर, 2021 प्रस्तावित करते हुए संशोधित परीक्षा कार्यक्रम/समय-सारिणी का शासनादेश निर्गत कराने का अनुरोध किया गया है, का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त आगामी उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा (यू0पी0टी0ई0टी0)-2021 के आयोजन हेतु निम्नलिखित परीक्षा कार्यक्रम/समय-सारणी पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है। उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा-2021 दिनांक 28 नवम्बर, 2021 को सम्पन्न होगी तथा परीक्षाफल दिनांक 28 दिसम्बर, 2021 को घोषित किया जायेगा-

| क्र0सं0 | कार्यक्रम का विवरण | कार्य सम्पन्न करने के लिए अवधि का निर्धारण |
|---|---|---|
| 1 | विज्ञापन का प्रकाशन | 04.10.2021 |
| 2 | ऑनलाइन आवेदन के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि | 07.10.2021 (अपरान्ह से) |
| 3 | रजिस्ट्रेशन की अन्तिम तिथि | 25.10.2021 |
| 4 | आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि | 26.10.2021 |
| 5 | आवेदन पूर्ण करने एवं पूर्ण आवेदन का प्रिंट लेने की अन्तिम तिथि | 27.10.2021 |
| 6 | परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण हेतु जनपद के आवेदकों की संख्या की सूचना सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित करने की तिथि | 26.10.2021 |
| 7 | जनपद स्तर पर जनपदीय समिति द्वारा परीक्षा केन्द्र निर्धारित करने की तिथि | 02.11.2021 |
| 8 | जनपदीय समिति द्वारा परीक्षा केन्द्र निर्धारित करके केन्द्रों की सूची छात्र आवंटन सहित (हार्ड एवं साफ्ट कापी दोनों) सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उ0प्र0, प्रयागराज को उपलब्ध कराने की तिथि | 08.11.2021 |

2/-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 9 | केन्द्रों की साफ्ट कापी एन0आई0सी0 लखनऊ को प्रेषित करने की तिथि | 09.11.2021 | |
| 10 | प्रवेश पत्र Website पर load करने की तिथि एवं समाचार पत्रों में load होने की सूचना की विज्ञप्ति | 17.11.2021 | |
| 11 | एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा उपस्थिति पत्रक प्राप्त कराने की तिथि | 19.11.2021 | |
| 12 | अभ्यर्थियों के स्कैन किए हुए फोटो युक्त उपस्थिति पत्रक केन्द्र व्यवस्थापक को प्राप्त कराने की तिथि | 24.11.2021 | |
| 13 | डबल lock में रखने हेतु प्रश्न पत्र एवं ओ0एम0आर0 शीट(उत्तर पुस्तिका)जनपद मुख्यालय पर भेजने की तिथि | 25.11.2021 | |
| 14 | उ0प्र0 शिक्षक पात्रता परीक्षा(UPTET)-2021 की तिथि | **28.11.2021** | प्रथम पाली-प्राथमिक स्तर<br>समय 10:00 से 12:30 बजे |
| | | | द्वितीय पाली-उच्च प्राथमिक स्तर<br>समय-2:30 से 05:00 बजे |
| 15 | परीक्षा समाप्ति के उपरान्त उत्तर पुस्तिकाओं/ ओ0एम0आर0 शीट के सील्ड बंडल सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी के कार्यालय में प्राप्त कराने की अंतिम तिथि | 30.11.2021 | |
| 16 | लिखित परीक्षा के उपरान्त उत्तर माला को Website पर जारी करने की तिथि | 02.12.2021 | |
| 17 | वेबसाइट पर जारी उत्तरमाला पर आनलाइन आपत्ति प्राप्त करने की अन्तिम तिथि | 06.12.2021 | |
| 18 | प्राप्त आपत्ति पर विषय विशेषज्ञ की समिति गठित करके उसके निराकरण करने की तिथि | 22.12.2021 | |
| 19 | आपत्ति पर विषय-विशेषज्ञ की समिति द्वारा दी गयी रिपोर्ट के अनुसार उत्तरमाला को अद्यतन करके उसे वेबसाइट पर डालने की तिथि | 24.12.2021 | |
| 20 | विषय विशेषज्ञ की रिपोर्ट को सम्मिलित करते हुए संशोधित उत्तरमाला के अनुसार मूल्यांकन कराके परीक्षाफल घोषित करने की तिथि | 28.12.2021 | |

अतएव कृपया उक्त परीक्षा कार्यक्रम/समय-सारणी के अनुसार अग्रतर कार्यवाही निर्धारित समयान्तर्गत सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(आर0 वी0 सिंह)
विशेष सचिव।